हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शुक्रवार, 17 अक्तूबर 2025




# वेतन न मिलने से भड़के कामगार, पुलिस ने लिया हिरासत में

**नागपुर.**

बुटीबोरी एमआयडीसी स्थित मोरारजी टेक्सटाइल कंपनी के कामगारों का आक्रोश आज सड़कों पर फूट पड़ा। पिछले दो महीनों से वेतन न मिलने से परेशान कर्मचारियों ने आज आक्रामक रुख अपनाया और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नागपुर स्थित सरकारी निवास 'रामगिरी' की ओर कूच करने का प्रयास किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में कामगार बुटीबोरी से नागपुर की दिशा में नारेबाजी करते हुए निकले। जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया। प्रारंभ में पुलिस अधिकारियों ने आंदोलित कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया, वहीं नागपुर जिलाधिकारी विपिन इटनकर ने खुद मौके पर पहुंचकर आंदोलनकारियों से चर्चा की। जिलाधिकारी ने बताया कि मामला न्यायालय में लंबित है और प्रशासन इस पर उचित समाधान निकालने तथा कामगारों का बकाया वेतन दिलवाने के लिए प्रयासरत है।



### मिल कामगारों का प्रदर्शन

मिल कामगारों का प्रदर्शन बूटीबोरी में मोरारजी टेक्सटाइल मिल के कामगार वेतन व अन्य विषयों को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मिलने की मांग कर रहे हैं। कामगारों ने रामगिरी स्थिति मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचने की तैयारी की थी। पुलिस ने अनुमति नहीं दी तो डोंगरगांव में वर्धा महामार्ग पर रास्ता रोको प्रदर्शन किया गया। कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। इंटक व जनशक्ति विदर्भ कामगार संगठन का समर्थन प्रदर्शनकारियों को मिला।

इसके बावजूद आंदोलित कर्मचारी पीछे हटने को तैयार नहीं थे। बढ़ते हंगामे और सड़क पर जाम की स्थिति को देखते हुए नागपुर ग्रामीण पुलिस को अंततः बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने कई आंदोलनकारियों को ताब्यात लेकर स्थिति पर नियंत्रण पाया। हालांकि इस घटनाक्रम के बाद भी बुटीबोरी-नागपुर मार्ग पर लंबे समय तक यातायात ठप रहा। भारी वाहनों की लंबी कतारें लगने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

देर शाम तक पुलिस प्रशासन ने यातायात को सुचारू करने के प्रयास जारी रखे। फिलहाल, मोरारजी टेक्सटाइल के मजदूरों के आगे के आंदोलन को लेकर सभी की निगाहें टिकी हैं। प्रशासनिक स्तर पर वार्ता के संकेत मिल रहे हैं, परंतु कामगारों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द वेतन नहीं मिला तो वे फिर से सड़कों पर उतरेंगे।

## बुधवारी बाजार ईवी चार्जिंग स्टेशन परियोजना शुरू

**नागपुर.**

बुधवारी बाजार, सक्करदरा स्थित ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) चार्जिंग स्टेशन परियोजना के कार्यारंभ हेतु आज किक-ऑफ मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी ने की। इस बैठक में नागपुर महानगरपालिका के विद्युत, एस्टेट, प्रोजेक्ट एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान परियोजना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई, जिनमें स्थल से जेसीबी वाहन एवं कचरा मशीन को हटाना, परिसर की कंपाउंड वॉल का ध्वस्तीकरण, वृक्षों की न्यूनतम कटाई सुनिश्चित करना तथा स्थल की संपूर्ण सफाई व्यवस्था शामिल थी। मनपा उपयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप संपन्न किए जाएं। इस परियोजना के माध्यम से शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए आवश्यक चार्जिंग अवसंरचना विकसित होगी, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और नागपुर को हरित परिवहन के क्षेत्र में एक नई दिशा प्राप्त होगी।

# वाड़ी–खड़गांव रोड पर भीषण ट्रैफिक जाम, नागरिकों की परेशानी चरम पर!

### प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई नहीं होने पर शिवसेना ने दी आंदोलन की चेतावनी


**नागपुर/वाड़ी.**

वाड़ी क्षेत्र के खड़गांव टी पॉइंट से लेकर टेकड़ी वाडी तक हर रोज शाम 6 से 8 बजे के बीच लगने वाला भीषण ट्रैफिक जाम अब नागरिकों के सब्र का बांध तोड़ रहा है। घंटों सड़क पर फंसे रहने से ऑफिस से लौटने वाले कर्मचारियों, छात्रों, महिलाओं और आपातकालीन वाहनों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

इस गंभीर समस्या को लेकर नागरिकों ने एमआईडीसी यातायात विभाग और वाडी पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर तत्काल उपाय करने की मांग की है। नागरिकों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, दर्श नगर और माऊली नगर से आने वाला ट्रैफिक मुख्य मार्ग को पार करते समय रुकावट पैदा करता है क्योंकि यह रोड बेहद संकरा है। साथ ही, टेकड़ी वाडी से खड़गांव टी पॉइंट की ओर आने-जाने वाले वाहनों के कारण दुकानों के सामने अतिक्रमण और अवैध पार्किंग से स्थिति और बिगड़ जाती है।





नागरिकों ने शिवाजी चौक स्थित बार, रमेश चिवडावाला और देशी दारू की दुकानों के सामने शराब पीने और अवैध पार्किंग को जाम का मुख्य कारण बताया है। इसके अलावा, आरको ट्रान्सपोर्ट कंपनी के भारी वाहनों द्वारा सड़क किनारे खड़े किए जाने से भी जाम की समस्या और बढ़ रही है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन ने तुरंत कोई कदम नहीं उठाया, तो शिवसेना आंदोलन करेगी और इसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन एवं नगर परिषद की होगी।

इस मौके पर संतोष केचे, मधु मानके पाटील, रुपेश झाडे, भाऊराव रेवतकर, उमेश महाजन, श्रावण नेवारे, दिनेश मालोदे, शुभम ढोले, रुपेश नेवारे, राजेश रेवतकर आदि उपस्थित थे।

# नागपुर (ग्रामीण) तहसील में संजय गांधी निराधार समिति की बैठक संपन्न

### 421 लाभार्थियों के प्रकरणों की जांच पूरी

**नागपुर.**

नागपुर (ग्रामीण) तहसील कार्यालय में संजय गांधी निराधार योजना समिति की बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में कामठी विधानसभा क्षेत्र के माननीय पालक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले तथा हिंगना विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक समीर मेघे के मतदारसंघों के कुल 421 लाभार्थियों के प्रकरणों की प्राथमिक जांच कर आवश्यक कार्यवाही की गई। बैठक की अध्यक्षता संजय गांधी निराधार समिति के अध्यक्ष सचिन घोडे ने की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार एवं समिति सचिव ज्योत्स्ना खलाटे की उपस्थिति में सभी कार्यवाही संपन्न हुई।



बैठक में समिति के सम्माननीय सदस्य देवराव कडू, कोलते, इंशात राऊत, सूर्यकांत वाजुरकर तथा अनिता भालेराव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इस बैठक में समाज के जरूरतमंद एवं निराधार नागरिकों को शासकीय योजनाओं के लाभ से जोड़ने के लिए ठोस पहल की गई। समिति सदस्यों ने सभी लाभार्थियों के प्रकरणों की बारीकी से समीक्षा कर त्वरित सहायता सुनिश्चित करने पर बल दिया।

# दीवाली से पहले नागपुर की यात्रा हुई महंगी

### > पुणे, मुंबई और हैदराबाद सहित सभी रूटों पर किराये में वृद्धि

**नागपुर.**

दीवाली से पहले घर लौटने की तैयारी कर रहे यात्रियों के लिए नागपुर की हवाई यात्रा महंगी हो गई है। पुणे, मुंबई और हैदराबाद से नागपुर आने वाले विमान टिकटों के दाम 20 हज़ार रुपये तक पहुँच गए हैं, जबकि बस का किराया भी 5 हज़ार रुपये तक बढ़ गया है। त्योहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ती भीड़ का फायदा उठाकर एयरलाइंस और निजी बस ऑपरेटरों ने मनमाने दाम वसूलना शुरू कर दिया है।

दीवाली का त्योहार नज़दीक आते ही नागपुर लौटने वाले यात्रियों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हर साल की तरह इस बार भी त्योहारी सीजन में विमान और बस ऑपरेटरों ने यात्रियों की मजबूरी का फायदा उठाया है। नागपुर आने वाली उड़ानों के टिकट दाम आसमान छू रहे हैं।पुणे और मुंबई से नागपुर तक की फ्लाइट टिकटें जहाँ सामान्य दिनों में 4 से 6 हज़ार रुपये में मिलती थीं, वहीं अब ये दरें बढ़कर 18 से 20 हज़ार रुपये तक पहुँच गई हैं। वहीं बसों के किराए में भी दो से तीन गुना तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वोल्वो और लक्ज़री बसों के किराए अब 4,500 से 5,500 रुपये तक पहुँच चुके हैं, जबकि सामान्य दिनों में यही यात्रा करीब 1,200 से 1,400 रुपये में पूरी हो जाती थी। ऑनलाइन बुकिंग प्लेटफॉर्म पर भी किरायों में तेजी साफ देखी जा रही है। पिछले कुछ दिनों में बस टिकट बुकिंग में जबरदस्त उछाल आया है 17 अक्टूबर से 3 नवंबर तक के लिए नागपुर आने वाली कई बसें लगभग फुल हैं।

यात्रियों ने एयरलाइंस और निजी बस कंपनियों पर मनमानी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हर साल त्योहारों के समय यही स्थिति होती है न तो कोई नियंत्रण, न कोई नियम। सरकार को इस पर कड़े कदम उठाने चाहिए ताकि यात्रियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। यात्रियों ने यह भी मांग की है कि सरकार त्योहारी सीजन में किरायों की अधिकतम सीमा तय करे और ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों की निगरानी बढ़ाए। परिवहन विभाग ने आश्वासन दिया है कि वह स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और आवश्यकतानुसार जांच भी की जाएगी।

# 41 लाख की अवैध विदेशी शराब जब्त

### स्टेट एक्साइज डिवीजन की कार्रवाई में चार गिरफ्तार

**नागपुर.** राज्य उत्पादन शुल्क विभाग (स्टेट एक्साइज) के नागपुर डिवीजन की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 41 लाख 18 हजार रुपये मूल्य की अवैध विदेशी शराब जब्त की है। यह शराब अन्य राज्यों से गैर-कानूनी तरीके से महाराष्ट्र में लाई गई थी। विभाग ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान नागपुर टीम ने 230 लीटर विदेशी शराब और ₹16.13 लाख मूल्य का वाहन जब्त किया। जब्त की गई शराब मध्य प्रदेश में निर्मित थी और महाराष्ट्र में बिक्री के लिए प्रतिबंधित है। इसी तरह, टीम ने 17.11 लीटर स्कॉच व्हिस्की तथा मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और महाराष्ट्र में निर्मित अन्य प्रतिबंधित शराब मिलाकर कुल ₹18.99 लाख मूल्य की शराब जब्त की।

इसके अलावा, मध्य प्रदेश में बनी और महाराष्ट्र में बिक्री के लिए प्रतिबंधित 146.88 लीटर विदेशी शराब तथा अन्य राज्यों से लाई गई ₹6.05 लाख मूल्य की शराब और वाहन जब्त किए गए। इस प्रकार कुल जब्ती का मूल्य ₹41,18,108 रुपये आंका गया है। इस कार्रवाई में इंस्पेक्टर शैलेश अजमीरे, विक्रम मोरे, मोहन पाटिल, जयेंद्र जठार, आनंद पवार, मंगेश कवले, दत्तात्रय लाडके, बालाजी चलनेवार, जितेंद्र पवार, अनिल जुमड़े तथा सब-इंस्पेक्टरों सहित पूरी टीम शामिल रही।

# गाड़गेबाबा को 'भारत रत्न' देने की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री आठवले को सौंपा ज्ञापन

**नागपुर/कामठी.**

संत गाड़गेबाबा को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से विभूषित करने की मांग को लेकर 'तेजस बहुउद्देशीय संस्था' ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। इसी क्रम में आज, 16 अक्टूबर को संस्था ने केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले को एक ज्ञापन सौंपा।



नागपुर के दीक्षित नगर में एक अस्पताल के उद्घाटन समारोह के अवसर पर संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की। संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार, उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे, कानूनी सलाहकार एवं पूर्व सरकारी अधिवक्ता विलास राऊत, सदस्य अर्जुन उपासे, हंसापुरी नवयुवक बहुउद्देशीय संस्था के सचिव कैलास चौधरी, समाजसेविका रेखा पाटिल और सविता पांडे, संत गाडगेबाबा समिति महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री सुधाकर निम्बूलकर, ज्ञानेश्वर बोरकर, सामाजिक कार्यकर्ता तारेश दुरुगकर और भास्कर गिरडे, हॉस्पिटल के संचालक डॉ. मनोज मेश्राम और संजय मेश्राम उपस्थित थे। ज्ञात हो कि मांगो में संत गाडगेबाबा को 'भारत रत्न' से सम्मानित किया जाए। गाड़गेबाबा की जयंती (23 फरवरी) को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। 'स्वच्छ भारत' अभियान का नाम गाड़गेबाबा के नाम पर रखा जाए। ज्ञापन लेने के बाद केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने संस्था को आश्वासन दिया कि वह अपनी तरफ से इस दिशा में हर संभव प्रयास करेंगे और संसद के आगामी सत्र में गाड़गेबाबा के लिए आवाज़ उठाएंगे। संस्था ने आठवले साहब के प्रति आभार व्यक्त किया।

## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला; तीन गिरफ्तार

**नागपुर.** सड़क पर वाहन के कट मारने को लेकर हुए विवाद ने इतना गंभीर रूप ले लिया कि एक युवक को चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। यह घटना रविवार की देर रात महाल इलाके में बड़कस चौक से चीटणीस पार्क चौक के बीच हुई।

पुलिस के मुताबिक, राजापेठ निवासी अनिकेत मोटे (26) अपने दोस्तों के साथ मोपेड पर सवार होकर भोजन करने जा रहे थे। इस दौरान एक महिंद्रा वाहन और बलेनो कार ने उनके मोपेड को कट मार दिया, जिससे अनिकेत गिरकर घायल हो गए। घायल अनिकेत और उनके साथियों ने दोनों वाहनों का चीटणीस पार्क चौक पर पीछा करके रोक लिया।

# नगरपंचायत हिंगना में सीमेंट रोड और नाली निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप

**हिंगना.**

नगरपंचायत हिंगना में महाराष्ट्र सुवर्ण जयंती नागरोस्थान योजना (राज्यस्तरीय) के तहत किए गए सिमेंट रोड और नाली निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का गंभीर आरोप सामने आया है। यह आरोप राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नगरसेवक प्रवीण एकनाथराव घोडे ने लगाया है।

नगरसेवक घोडे ने नगरविकास विभाग, मंत्रालय मुंबई में लेखी तक्रार दाखिल कर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। तक्रारी में उन्होंने बताया कि शासन निर्णय क्र. नगरो.2024/प्र. क्र.105/नवी.33 (दि. 28 फरवरी 2024) के अनुसार नगरपंचायत हिंगणा के लिए कुल 13 डीपीआर मंजूर किए गए थे। लेकिन कार्य में इन्हें दरकिनार कर घटिया और तकनीकी नियमों के उल्लंघन के साथ काम किए गए।



घोडे ने कहा कि खोदाई, जी.एस.बी., डी.एल.सी., एम-40 सिमेंट कॉँक्रिट, टी.एम.टी. बार, रेडी मिक्स आदि में दिखाए गए मापों और वास्तविक कार्य में बड़ा अंतर है। कुछ मार्ग जैसे रेडियन्स स्कूल से आर.वी. एंटरप्राइजेस, एम.सी.डब्ल्यू. से पवन वैरागडे, शेषराव वांढरे, बोबडे के घर और एम.सी.डब्ल्यू. से इलेक्ट्रिक डी.पी. मूर्तिकार तक लगभग 325 मीटर लंबाई के सिमेंट रोड और नाली निर्माण बिना शासन अनुमति के किए गए। इन कार्यों पर कुल लगभग ₹ 69.66 लाख खर्च किए गए।

नगरसेवक घोडे ने कहा, "इन कार्यों में शासन परिपत्रकों का उल्लंघन हुआ है और अधिकारी व ठेकेदार मिलकर निधि का दुरुपयोग कर रहे हैं। दोषियों पर कठोर कार्रवाई और अपहरित राशि की वसूली तुरंत होनी चाहिए।"

इस शिकायत के बाद नगरपंचायत क्षेत्र में खलबली मच गई है और नागरिकों में भी तीव्र नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों की मांग है कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और सार्वजनिक निधि की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

# गोरेवाड़ा चौक के पास खड़े भारी वाहन बढ़ा रहे हादसों का खतरा

### रात दो बजे खुली रहती हैं चाय की दुकानें, प्रशासन मौन

**नागपुर.**

गोरेवाड़ा चौक परिसर के पास काटोल नाका से आने वाले मुख्य सड़क के मोड़ बाईं तारीफ खड़े भारी वाहन स्थानीय लोगों के लिए लगातार परेशानी और खतरे का कारण बनते जा रहे हैं। केवल वाहन ही नहीं अपितु यहां स्थित दुकानों के सामान भी सामान्य सड़क की काफी जगह घेरकर रखे हुए नजर आते हैं। इस अव्यवस्था के चलते सड़क पर आने-जाने वाले वाहनों को सामने से आने वाला ट्रैफिक बिल्कुल नजर नहीं आता, जिससे हर दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह चौक अब "खतरनाक एक्सीडेंट स्पॉट" में बदल चुका है।

रात के समय यह स्थिति और भी भयावह हो जाती है। चौक के आसपास देर रात तक चलने वाली चाय और सिगरेट की दुकानें अनियंत्रित भीड़ और ट्रैफिक अव्यवस्था बढ़ाती हैं। आमतौर पर रात दो बजे तक दुकानें खुली रहती हैं, जिससे क्षेत्र में अनावश्यक आवाजाही बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन दुकानों के कारण न सिर्फ शांति भंग होती है, बल्कि असामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल रहा है।निवासियों का कहना है कि दिन भर में कई बार यहां से पुलिस के वाहन गुजरते हैं, लेकिन इन गतिविधियों के खिलाफ नगर प्रशासन ने अबतक कोई कार्रवाई नहीं की है।

नागरिकों का कहना है कि वह प्रशासन द्वारा स्वयं संज्ञान लेकर कार्रवाई किए जाने का इतंजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि क्या हर बार, जो चीज आंखों के सामने नजर आ रही है उसकी भी शिकायत का इंतजार प्रशासन क्यों कर रहा है। कई लोग तो अब इस मार्ग से रात के समय में गुजरने से भी कतराने लगे हैं। इस मार्ग पर सामान से लदे ट्रक स्कूली बस, निजी चार पहिया, दुपहिया वाहनचालक गुजरते हैं, सभी को इन खड़े हुए भारी वाहन से आगे का कुछ दिखाई नहीं पड़ता।

पुलिस की ओर से कभी-कभार पेट्रोलिंग तो की जाती है, लेकिन इन समस्याओं पर कोई स्थायी रोक नहीं लगाई गई है। लोगों की मांग है कि प्रशासन को तत्काल इसका संज्ञान लेकर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करनी चाहिए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गोरेवाड़ा चौक की यह समस्या अब सिर्फ आवाजाही का ही मुद्दा नहीं रह गई, बल्कि जनसुरक्षा का सवाल भी बन चुकी है।

## आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलवादियों को राजनीति में आकर चुनाव लड़ने का ऑफर

**नागपुर.**

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने आत्मसमर्पण करनेवाले नक्सलवादियों को राजनीति में आकर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया है। पार्टी के प्रमुख व केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा है कि जिन नक्सलवादियों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर संविधान का मार्ग अपनाया है। देश व समाज की मुख्य धारा में शामिल हुए हैं वे राजनीति में आएं। आरपीआई उन्हें चुनाव लड़ने का मौका देगी। गुरुवार को रविभवन में पत्रकार वार्ता में आठवले बोल रहे थे। दो दिन पहले गडचिरोली में 60 नक्सलवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें 10 करोड के इनामी नक्सली भूपति का भी समावेश है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें संविधान की प्रति देकर मुख्य धारा में शामिल किया है। इसी संबंध में आठवले बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नक्सवादियों के त्याग के संबंध में सहानुभूति है। कई उच्च शिक्षित युवा भी नक्सल संगठनों में शामिल है।

नक्सलियों ने हिंसा का जो मार्ग अपनाया वह स्वीकार्य नहीं है। आत्मसमर्पण करनेवाले नक्सलवादियों ने भी कहा है कि वे हिंसा के बजाय संविधान के मार्ग से ही देश का विकास मानते हैं। यह भी पढ़े -विवादों में घिरे जेल अधीक्षक पेट्रस गायकवाड़ का उपराजधानी नागपुर में हुआ तबादला मुंबई में महानगरपालिका के चुनाव को लेकर सवाल पर आठवले ने कहा कि उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे साथ रहेंगे तो उन्हें कुछ लाभ मिलेगा। लेकिन मुंबई मनपा में महायुति की आगे रहेगी।



# नागपुर जिला परिषद आरक्षण में सामान्य वर्ग के साथ अन्याय का आरोप

नागपुर.



नागपुर जिला परिषद के 57 सर्कलों के लिए घोषित आरक्षण सूची ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। घोषित लॉटरी के अनुसार सामान्य वर्ग को केवल 24 सीटें दी गई हैं, जबकि चुनावी नियमों के मुताबिक कम से कम 50% यानी 28 सीटें मिलनी चाहिए थीं। इस प्रकार 4 सीटों की कटौती से सामान्य वर्ग के संभावित उम्मीदवारों में रोष फैल गया है।

घोषित आरक्षण के अनुसार अनुसूचित जाति (एससी): 10 सीटें, अनुसूचित जनजाति (एसटी): 8 सीटें, अन्य मागास प्रवर्ग (ओबीसी): 15 सीटें, सामान्य प्रवर्ग (ओपन): 24 सीटें "खुले प्रवर्ग को फिर किया गया वंचित" निलेश दुबे काटोल तहसील के कचारी सावंगा निवासी और संभावित उम्मीदवार निलेश दुबे ने कहा, "चक्राकार आरक्षण प्रणाली का सही पालन नहीं किया गया। कई सर्कल लगातार एक ही वर्ग के लिए आरक्षित रखे गए। अब सामान्य प्रवर्ग की 4 सीटें घटाकर फिर अन्याय हुआ है। यह प्रशासनिक मनमानी जनता के भरोसे को ठेस पहुंचाती है।"

उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट के मार्गदर्शन के बावजूद राज्य निर्वाचन आयोग ने "सरकारी दबाव में" निर्णय लिया है। निलेश दुबे ने नागपुर जिला निर्वाचन अधिकारी और राज्य चुनाव आयोग को ईमेल व लिखित शिकायत भी दर्ज कराई है। इस मौके पर उनके साथ जिला परिषद के पूर्व पदाधिकारी बाबा आष्टणकर और नाना कंभाले मौजूद थे।

"आरक्षण दिशानिर्देशों के अनुसार ही तय" जिला प्रशासन इस विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए सहायक जिला चुनाव अधिकारी सचिन गोसावी ने बताया, "नागपुर जिला परिषद का आरक्षण निर्धारण राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है। सभी वर्गों का आरक्षण संविधान व आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप तय किया गया है।"

### राज्य भर में उठ सकता है नया विवाद

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह विसंगति न केवल नागपुर, बल्कि पूरे राज्य में आरक्षण विवाद को फिर से हवा दे सकती है। पूर्व में भी स्थानीय निकायों के आरक्षण को लेकर कई कानूनी और राजनीतिक टकराव सामने आ चुके हैं। अब नागपुर जिले का यह मामला आरक्षण की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर नए सवाल खड़े कर रहा है।

## उमरेड में एसटी यात्रियों को राहत

> विधायक संजय मेश्राम ने किया 5 नई बसों का लोकार्पण

उमरेड.

शहर से अन्य शहर तथा ग्रामों में आवागमन करने के लिए छात्र, किसान, कर्मचारी, व्यापारी, नागरिकों सहित अन्य यात्रियों के लिए उमरेड एसटी डिपो से राहत भरी खबर आई है. उमरेड - एसटी डिपो में विधायक संजय मेश्राम के हाथों पांच नई एसटी बसों का लोकार्पण उत्साह से किया गया. शहर से अन्य शहर तथा विभिन्न ग्रामों को शहरों से जोड़ने एस टी महाराष्ट्र राज्य परिवहन वाली 'लाल परी' यानी महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल (एसटी) की बसें आम जनता की सच्ची जीवनसाथी मानी जाती हैं. उमरेड एसटी डिपो में पांच नई एसटी बसें जुड़ने से यात्रियों को बड़ी राहत मिली है. नई एसटी बसेस विभिन्न ग्रामीण तथा शहर की सड़कों पर चलाई जाने से यात्रियों को अब अधिक सुविधाजनक, सुरक्षात्मक, लाभदायक तथा नियमित यात्रा सेवा उपलब्ध होगी. इस अवसर पर विधायक संजय मेश्राम ने ग्रामीण जनता को सुरक्षित, सस्ती तथा समय पर परिवहन सेवा उपलब्ध कराना ही एसटी महामंडल का मुख्य उद्देश्य होने की बात कही. नई एसटी बसों के प्रारंभ होने से उमरेड तहसील क्षेत्र की परिवहन व्यवस्था और भी सुचारू बनेगी. इस मौके पर उमरेड नप के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर रेवतकर, सुरेश पौनिकर, राजेश रहाटे, उमरेड खरीदी-बिक्री संस्था के सभापति सूरज ईटनकर, राजेश भेंडे, महेश भुयारकर, गुणवंत मांढरे, संजय ठाकरे, प्रभाकर लांजेवार, सुधाकर चौधरी, धनराज गुंडलवार, मनीष शिंगणे, ऋषि कुलसंगे, राजेश वानखेड़े, दयाल पौनिकर, राजू उरकुडे, मुकेश आंबोने, राजहंस देशमुख, सुरेश गजभिए, सतीश कामडी, शेखर मुले, चंदू वाघमारे, लीलाधर शेंद्रे, रमाकांत बावणे, कमलाकर पाटणसावंगीकर, योगिता ईटनकर, सुरेखा रेवतकर, लीना झाडे, अस्मिता नगराडे, बस डिपो प्रमुख सुधीर पवार, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में यात्री उपस्थित थे.

## 8 वर्षीय प्रभास मिसाल ने जिलास्तरीय स्केटिंग स्पर्धा में रचा इतिहास

उमरेड.



नागपुर जिले के उमरेड से एक प्रेरणादायी खबर सामने आई है। नगर परिषद उमरेड द्वारा संचालित पीएम स्व. आ. ला. वाघमारे प्राथमिक शाला के तीसरी कक्षा के छात्र प्रभास रविंद्र मिसाल ने अपने शानदार प्रदर्शन से स्कूल और नगर का नाम रोशन किया है।

हिंगना के क्रीड़ा संकुल में आयोजित जिलास्तरीय शालेय स्केटिंग स्पर्धा में प्रभास ने 500 मीटर स्प्रिंट रेस में तीसरा स्थान प्राप्त कर उमरेड के इतिहास का पहला पदक जीतने का गौरव हासिल किया। यह प्रतियोगिता क्रीडा व युवक सेवा संचालनालय महाराष्ट्र राज्य, जिला क्रीड़ा परिषद नागपुर तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय नागपुर द्वारा आयोजित की गई थी।

सिर्फ साढ़े आठ वर्ष के प्रभास ने 11 वर्ष एडवांस क्वाड आयु वर्ग में अपने से तीन वर्ष बड़े खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। इतनी कम उम्र में इस कठिन और प्रतिष्ठित शालेय स्पर्धा में पदक जीतना अपने आप में एक साहसिक और असाधारण उपलब्धि है।

प्रभास मिसाल अब उमरेड नगर परिषद शालाओं के लिए पहला जिलास्तरीय पदक विजेता बन गया है। इस गौरवपूर्ण सफलता पर नगर परिषद उमरेड के मुख्याधिकारी डॉ. कुलभूषण रामटेके, उपमुख्याधिकारी धनराज पाटील, शाला व्यवस्थापन समिति अध्यक्ष रवींद्र मिसाल, मुख्याध्यापक श्रीराम शेंद्रे, वर्गशिक्षिका प्रीती रुईकर, क्रीड़ा शिक्षक श्रीकांत उईके तथा सभी शिक्षकों ने प्रभास का अभिनंदन किया है।

शाला व्यवस्थापन समिति अध्यक्ष रविंद्र रामभाऊ मिसाल ने कहा कि "प्रभास ने अपने प्रयास और प्रतिभा से न केवल स्कूल का, बल्कि पूरे उमरेड का मान बढ़ाया है। यह सफलता आनेवाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी।"

प्रभास की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि समर्पण, परिश्रम और सही दिशा में मार्गदर्शन से कोई भी सपना छोटा नहीं होता — उम्र चाहे कितनी भी क्यों न हो।

## पोरवाल कॉलेज में महिला विकास प्रकोष्ठ का कार्यक्रम

कामठी.



सेठ केसरीमल पोरवाल महाविद्यालय में बायोकेमिस्ट्री विभाग के सहयोग से महिला विकास प्रकोष्ठ ने प्राचार्य डॉ. स्वप्नील दाहात के सक्षम मार्गदर्शन में एक महिला विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता पर केंद्रित था।

बी.एससी. सेमेस्टर III की छात्राएं सुश्री खुशी कनोजिया और सुश्री तस्मिया ने सत्र का सुचारू रूप से संचालन किया। प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. शालिनी चहांदे ने प्रकोष्ठ द्वारा शुरू की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मी श्रीखंडे का "स्त्रीत्व की चुनौती: स्वास्थ्य चुनौतियां" विषय पर दिया गया विचारोत्तेजक व्याख्यान रहा। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य, निवारक देखभाल और जीवनशैली प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की, जिसे दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली। बायोकेमिस्ट्री विभाग द्वारा आयोजित दूसरा व्याख्यान डॉ. मृणालिनी बोरकर, एसोसिएट प्रोफेसर, सर्जरी विभाग, इंदिरा गांधी गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, नागपुर ने "स्तन कैंसर जागरूकता" विषय पर दिया। उन्होंने श्रोताओं को जोखिम कारकों, लक्षणों और सफल उपचार में शीघ्र निदान की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं से सामाजिक वर्जनाओं को तोड़कर जागरूकता अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। उनका व्याख्यान अत्यंत ज्ञानवर्धक था और इसका छात्रों और संकाय सदस्यों पर गहरा प्रभाव पड़ा। प्राचार्य डॉ. स्वप्निल दाहात ने महिला विकास प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की और छात्र-छात्राओं व संकाय सदस्यों के हित के लिए ऐसे कार्यक्रम जारी रखने को प्रोत्साहित किया।

डॉ. रश्मी जाचक ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, कर्मचारियों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। सभी सदस्यों की कड़ी मेहनत और उपस्थित लोगों की सक्रिय भागीदारी व जिज्ञासा के कारण यह कार्यक्रम भव्य रूप से सफल रहा।

## इसासनी टेकड़ी दरगाह तीर्थक्षेत्र में 'अमृत सरोवर' निर्माण की पहल

> जलसंचय और पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हिंगना.

हिंगना तहसील के इसासनी स्थित टेकड़ी दरगाह तीर्थ क्षेत्र में जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया है। बाबा आशिक़ शाह माशूक़ शाह इसा शाह वली मस्जिद कमेटी तथा "एक पहल पर्यावरण की ओर" इसासनी टेकड़ी पर्यावरण समिति ने मिलकर अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाब निर्माण के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटकर को निवेदन सौंपा। यह निवेदन 15 अक्टूबर 2025, बुधवार को ट्री मैन बाबा देशपांडे की अध्यक्षता में दिया गया। पर्यावरण समिति के अध्यक्ष व ग्राम सरपंच अरविंद ढोणे ने मुख्य निवेदन प्रस्तुत किया, जबकि उपाध्यक्ष व उपसरपंच राहुल कुलसुंगे, सचिव व वनहक्क समिति के अध्यक्ष रूषी कुलसुंगे, सह-सचिव व माजी पंचायत समिति सदस्य लीलाधर पटले, वरिष्ठ पत्रकार आशीष गोंडाने, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक इटनकर तथा दरगाह शरीफ कमेटी के ट्रस्टी अब्दुलरहमान अली सहित अन्य सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इसासनी दरगाह तीर्थ क्षेत्र परिसर में इस वर्ष मेगा प्लांटेशन अभियान के तहत लगभग 1200 विविध प्रजातियों के वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया है। पर्यावरण समिति का कहना है कि प्रस्तावित अमृत सरोवर निर्माण से न केवल जलस्तर में सुधार होगा, बल्कि दरगाह परिसर की हरियाली और जैवविविधता को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे "आस्था और पर्यावरण के संगम" की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# कोजागिरी पूर्णिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन सशक्तिकरण का संकल्प

> विधायक चरणसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में एकता और शक्ति का प्रदर्शन

> 'हर बूथ मजबूत, हर वर्ग तक कमल पहुंचाना लक्ष्य'

कोंढाली.





कोजागिरी पूर्णिमा के पावन अवसर पर भाजपा कोंढाली (ग्रामीण) मंडल की ओर से स्नेहभोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद दुधाला सर्कल के सभी ग्रामीण बूथ अध्यक्ष, सरपंच और भाजपा पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। आयोजन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष निखिल जायसवाल ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री दिनेश ठाकरे, माजी प्राध्यापक कठाने गुरुजी, उपप्राचार्य प्रो. रमेश येवले और ज्येष्ठ नेता नानाजी माळवी उपस्थित थे।

अपने मार्गदर्शनात्मक भाषण में भाजपा जिला महामंत्री दिनेश ठाकरे ने कहा "प्रत्येक बूथ मजबूत होना ही पार्टी की नींव है। हमें पदवीधर मतदाता नोंदणी अभियान को सफल बनाते हुए समाज के सभी घटकों तक भाजपा का विचार और सेवा पहुंचाना है।" वहीं प्रो. रमेश येवले ने प्रेरणादायक शब्दों में कहा "पदवीधर संगठन बढ़ाइए, पार्टी को मजबूत कीजिए और हर समाज में कमल खिलाइए।" कोजागिरी की चांदनी रात में हुए इस स्नेहभोजन कार्यक्रम ने कार्यकर्ताओं में एकजुटता और समर्पण की भावना को और प्रबल किया।

बैठक के दौरान सभी बूथ अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि "विधायक चरणसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संगठन को सशक्त बनाकर हर कार्यक्रम और निर्णय में सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी।" यह आयोजन केवल उत्सव का आनंद नहीं था, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं की एकता, संगठन संवर्धन और आगामी चुनावों के लिए दृढ़ तैयारी का प्रतीक बन गया। कोजागिरी का उत्सव — एकता का संदेश, संगठन शक्ति का संकल्प और भाजपा परिवार की संगठित ताकत का प्रतीक!

## पोरवाल जूनियर कॉलेज में हस्तशिल्प महोत्सव, दिवाली शुभकामना कार्यक्रम



कामठी.

सेठ केसरीमल पोरवाल जूनियर कॉलेज में दिवाली शुभकामना एवं हस्तशिल्प महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोफेसर श्रीधर नागपुरे ने की। प्रो. मल्लेश्वरी रिंके ने दिवाली के त्यौहार का महत्व समझाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष उप-प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल, एवम मुख्य अतिथि प्रोफेसर नरेंद्र मेंढे और पर्यवेक्षक प्रोफेसर वी.बी. वंजारी इस अवसर प्रमुखता से उपस्थित थे। दिवाली की शुभकामनाओं के अवसर पर, छात्रा इनमा जोहरा, मृणाल पुडके और पूर्णिमा गावंडे ने हस्तशिल्प प्रस्तुत किए। इनमें आकाशदीप, मोमबत्ती दीप, मिट्टी के दीप और सजावटी सामान शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर नरेंद्र मेंढे ने अपशिष्ट पदार्थों से बने हस्तशिल्प के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. डॉ. सुधीर अग्रवाल ने कहा कि हस्तशिल्प और आत्मनिर्भरता के मेल से कई आत्मनिर्भर व्यवसाय उभर रहे हैं, जिनमें पारंपरिक कौशल का उपयोग करके पर्यावरण के अनुकूल वस्तुएँ बनाकर ऑनलाइन या प्रदर्शनियों में बेची जाती हैं। इन माध्यमों से कलाकारों को आय होती है और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनते हैं। प्रो. सौरभ बंसोड़ ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में अधिकांश छात्र और शिक्षक उपस्थित थे।

## समाचारपत्र विक्रेता संघ ने मनाई डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम की जयंती



कामठी.

स्थानीय कामठी तहसील समाचार पत्र विक्रेता संघ ने देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक, 'मिसाइलमैन' डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती बुधवार को अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। यह कार्यक्रम कामठी के जयस्तंभ चौक पर आयोजित किया गया, जिसमें संघ के सभी सदस्य शामिल हुए।

संघ के अध्यक्ष दीपांकर गणवीर ने इस अवसर पर डॉ. कलाम के प्रेरणादायक जीवन और देश के प्रति उनके अतुलनीय योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन हमें सिखाता है कि किस प्रकार साधारण परिस्थितियों से निकलकर कोई व्यक्ति अपने ज्ञान और समर्पण के बल पर देश का सर्वोच्च नागरिक बन सकता है और राष्ट्र के विकास में अविस्मरणीय भूमिका निभा सकता है। अध्यक्ष महोदय ने विशेष रूप से उनके विचारों और युवा पीढ़ी को प्रेरित करने की उनकी क्षमता की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में प्रफुल्ल लुटे ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर हुसैन अली, देवेंद्र बेहार, राजेश काटरपवार, रामजी सांगोडकर, किशोर खेडेकर, शम्मी अख्तर, वसीम अख्तर, अक्षय ठवकर, प्रदीप गायगवली, ताराचंद शाहू, साहिल भुजाडे, हार्दिक गुरव, प्रांजल लिंगायत, यमन शाहू, माणिक पूरी, नितिन मते तथा सपाटे सहित संघ के अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। सभी ने मिलकर डॉ. कलाम को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वाड़ी मतदाता सूची में भारी अनियमितता

वाड़ी. वाड़ी नगर परिषद चुनाव से पहले मतदाता सूची में गड़बड़ियों को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ गया है। महाविकास आघाडी के पदाधिकारियों ने मतदाता सूची में बड़ी अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए नगर परिषद चुनाव अधिकारी को जांच और सुधार का ज्ञापन सौंपा। राज्य चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची पर आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि 13 अक्टूबर थी। इस दौरान विभिन्न दलों की जांच में सामने आया कि प्रभाग क्रमांक 1 से 13 तक की प्रारूप मतदाता सूचियां भौगोलिक सीमाओं के अनुरूप नहीं हैं। कई प्रभागों में मतदाताओं के नाम उनके वास्तविक पते से मेल नहीं खाते। साथ ही, एक ही परिवार के सदस्य अलग-अलग प्रभागों में दर्ज हैं, जबकि कुछ मतदाताओं के नाम एक ही प्रभाग में दो-तीन बार शामिल किए गए हैं। मृत व्यक्तियों के नाम भी सूची में बने हुए हैं, जिससे चुनाव की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। म.आघाडी के पदाधिकारियों में प्रेम झाडे, प्रकाश कोकाटे, वसंत इखनकर, हर्षल काकडे, अशोक माने, संतोष केचे, मधु माणके पाटिल, श्याम मंडपे, विजय मिश्रा, शैलेश थोराणे, अखिल पोहणकर, भीमराव लोखंडे, रुपेश झाडे, अनिल पाटिल, दिनेश उइके, योगेश कुमकुमवार आदि शामिल थे।

# शिवसेना ने नगर परिषद ठेकेदार की अवैध वसूली पर जताया विरोध

कामठी.



शहर में नगर परिषद के नाम पर ठेकेदार द्वारा छोटे व्यापारियों, ठेलेवालों और फेरीवालों से मनमानी और अवैध वसूली किए जाने के खिलाफ शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) और युवासेना ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि मेहनतकश लोगों से टैक्स, फीस और भाड़े के नाम पर तय दर से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही है, पावती नहीं दी जा रही है, और विरोध करने वाले व्यापारियों को धमकाया जा रहा है। शिवसेना ने इस पूरे कृत्य को प्रशासनिक भ्रष्टाचार और जनता के साथ विश्वासघात का खुला प्रमाण बताते हुए नगर परिषद प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

शिवसेना और युवासेना ने प्रशासन के सामने अपनी प्रमुख मांगें रखी हैं। इन मांगों में संबंधित ठेकेदार पर तत्काल जांच करने, अब तक हुई पूरी वसूली का ऑडिट कराने, दोष सिद्ध होने पर ठेका तुरंत रद्द करने, भविष्य में ऐसे भ्रष्ट ठेकेदारों को काम न देने और छोटे व्यापारियों से ली गई अतिरिक्त राशि तुरंत लौटाने की मांग शामिल है। पार्टी के नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि प्रशासन ने इस गंभीर मुद्दे पर जल्द कार्रवाई नहीं की, तो शिवसेना सड़कों पर उतरकर ठेकेदारों और भ्रष्ट प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी गूंज कामठी की गलियों से लेकर नगर परिषद कार्यालय तक सुनाई देगी। युवासेना उपजिला प्रमुख पवन अवधेशजी शर्मा, शिवसेना शहर प्रमुख रितेश केझरकर, माथाडी कामगार सेना ज़िला प्रमुख शरद भूषणवार और उप शहर प्रमुख राहुल पांडे सहित अन्य शिवसैनिकों के नेतृत्व में पार्टी ने यह चेतावनी दी है। नेताओं ने कहा, "शहर के मेहनतकश व्यापारियों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अब हर ठेकेदार और भ्रष्ट अधिकारी को जवाब देना होगा।" शिवसेना ने जोर देकर कहा है कि अगर प्रशासन इस मामले पर मौन साधता है, तो यह जनता के आक्रोश को और भड़काएगा, जिसके बाद जनता और व्यापारी चुप नहीं बैठेंगे।

# 'रंग माझे वेगळे' काव्यसंग्रह का हुआ लोकार्पण

## साहित्य का रंगोत्सव

**हिंगनघाट.**

मराठी साहित्य मंडल द्वारा आयोजित 15वां अखिल भारतीय साहित्य सम्मेलन हिंगनघाट में बड़े उत्साह से संपन्न हुआ। साहित्य, संस्कृति और संवेदनाओं के संगम से सजे इस आयोजन ने रसिकों को नई अनुभूति प्रदान की।




सम्मेलन की अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार प्रो. डॉ. किरण नागतोडे ने की, जबकि उद्घाटन तुकाराम सातपुते के हस्ते संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. पुष्पा तायडे, डॉ. बालाजी राजुरकर, डॉ. जयप्रकाश घुमटकर और अधिवक्ता नीता चकारे प्रमुख उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में कवयित्री संगीता पेठे (गडवार) के नवीन काव्यसंग्रह 'रंग माझे वेगळे' का प्रकाशन किया गया। स्त्रीमन की गहराइयों, संवेदनाओं और जीवन के विविध रंगों को स्पर्श करने वाली इन कविताओं को श्रोताओं से भरपूर प्रतिसाद मिला। मान्यवरों ने कहा, 'यह संग्रह नई संवेदनाओं और भावनाओं के रंगों से ओतप्रोत है, और कवयित्री के साहित्यिक योगदान की प्रशंसा की।

इस अवसर पर डॉ. बालाजी राजुरकर की 'मनोवेध', वासुदेव पडवे की 'धिरोदत्त राजयोगिनी अहिल्याबाई होलकर – जीवनचरित्र आणि काव्य' तथा 'काव्यसंदेश' इन तीन कृतियों का भी प्रकाशन हुआ।

दूसरे सत्र में आयोजित राज्यस्तरीय 40वें कवि सम्मेलन में महाराष्ट्र के विभिन्न भागों से आए 40 नामचीन कवियों ने सहभाग लिया। इस सत्र में संगीता पेठे-गडवार द्वारा प्रस्तुत कविता 'नसलं दूध' को श्रोताओं की विशेष सराहना मिली। उनके उत्कृष्ट सादरीकरण के लिए उन्हें प्रमाणपत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### 'निसर्गसाथी फोरम' का विशेष योगदान

कार्यक्रम की सफलता में 'निसर्गसाथी फोरम' के डॉ. बालाजी राजुरकर, प्रभाकर कोळसे, यशवंत गडवार, मनोज गायधने, वासुदेव पडवे, राजश्री विरूळकर, संगीता मस्कर और प्रशांत शेलके का विशेष योगदान रहा। कवयित्री संगीता पेठे-गडवार ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह साहित्यिक पर्व हिंगनघाट की भूमि पर एक अविस्मरणीय छाप छोड़ गया।

# प्रशांत यादव वर्धा जिला बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख पदपर चयनित



**वर्धा.**

बजरंग दल के दि.16 अक्टु. को आयोजित बैठक में प्रशांत यादव को वर्धा जिला बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख एवं अंबुज पांडे को वर्धा जिला बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख घोषित किया गया है. श्रीरामचंद्र प्रभु आपको भविष्य के लिए और हिंदू धर्म के कार्यों के लिए शक्ति प्रदान करेंगे,ऐसी आशा भी उपस्थितोने व्यक्त की है. इस अवसर पर अटल पांडे स्वावलंबी भारत, मुन्ना यादव जिला प्रभारी, महेश राउत जिला संयोजक, किरण उपाध्याय नगर संयोजक, अमन मिश्रा, गोविंद पांडे, रवि सिंह, महेंद्र प्रताप सिंह, जीतू वर्मा, कुमार बहादुरसिंग, रुद्र यादव आदि ने श्रीराम के जयकारे लगाकर बधाई व्यक्त की। जिला मंत्री अनिल कावले ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर आभार व्यक्त किया.

# विदर्भ में गूंजेगा हिप हॉप

> 'वर्धा विज़डम वॉल्यूम 4' वर्धा में आज

**वर्धा.**

वर्धा शहर एक बार फिर तैयार है विदर्भ की सबसे ऊर्जावान सांस्कृतिक संगीत यात्रा "वर्धा विज़डम" के चौथे संस्करण का स्वागत करने के लिए। यह हिप-हॉप और सांस्कृतिक म्यूज़िक फेस्टिवल 17 अक्टूबर को सत्येश्वर लॉन, वैगाव रोड, बोरगांव में आयोजित होने वाला हैं।

इस फेस्टिवल की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई थी, जब वर्धा के युवाओं ने मिलकर स्थानीय कलाकारों को मंच देने और विदर्भ की आवाज़ को पूरे महाराष्ट्र में पहुँचाने का संकल्प लिया था। तब से हर साल यह आयोजन और भव्य होता जा रहा है और आज यह वर्धा की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है।

'वर्धा विज़डम वॉल्यूम 4" इस बार खास इसलिए है क्योंकि इसे पूरी तरह "पे व्हाट यू वांट मॉडल पर रखा गया है। याने दर्शक खुद अपने टिकट का दाम तय कर सकते है, दर्शक न्यूनतम 10 रु. से टिकट बुक कर सकते हैं, जबकि 800 रु.या उससे अधिक सहयोग करने वालों को एक्सक्लूसिव मर्च, गुडिज़ और स्पेशल एक्सेस मिलेगा। टिकट बुकिंग स्किलबॉक्स प्लेटफ़ॉर्म पर शुरू हो चुकी है।

इस साल फेस्टिवल में विदर्भ के 15 से अधिक कलाकार अपने रैप, बीट्स और कहानियों के ज़रिए मंच को रोशन करेंगे। मुख्य आकर्षण में शामिल हैं प्रथमेश (नागपुर), अड्डूज (नागपुर), विशु उड़ान (वर्धा), एमसी एफआर (वर्धा) और विशय ख़तम रोमी (यवतमाल)।

ये सभी कलाकार अपने अनोखे शब्दों और असली जज़्बे के साथ दर्शकों को विदर्भ की हिप-हॉप संस्कृति की गहराई और ऊर्जा का अहसास कराएँगे। इस आयोजन के पीछे मुख्य रूप से काम कर रहे हैं. साहिल हिरानी, अंकित भगत, शशांक दुर्गे, सर्वेश चतारे, श्रेयश ठाणेकर और हर्ष कुटे। लेकिन यह टीम सिर्फ इन्हीं छह लोगों तक सीमित नहीं है. कई और साथी, स्वयंसेवक और कलाकार इस आयोजन को सफल बनाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

वर्धा विज़डम हमारे दिल के करीब है। हर साल हम सब मिलकर इसे सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि विदर्भ के नए कलाकारों के लिए एक मंच की तरह बनाते हैं। हमारा उद्देश्य है कि छोटे शहरों की आवाज़ बड़े मंचों तक पहुचे। तो आप सब आज जरूर आयेगा और उन कलाकारों का हौसला बढ़ाने.

# युवक अवैध रूप से गांजा बेचते गिरफ्तार




**वर्धा.**

14 ओक्टुबर को पुलिस ने प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर, एन.डी.पी.एस. अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार छापामारी की. इस कारवाई में अपराधी रूपेश घनश्याम उइके, उम्र 24, निवासी बुरड़ मोहल्ला, वर्धा, यह वाहन, मोपेड, दोपहिया वाहन, सुजुकी एक्सेस 125 की डिक्की में गांजा ले जाते हुए पाया गया और पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी अनुसार 14.अक्टु.को रात लगभग 09.30 बजे, वर्धा शहर पुलिस स्टेशन के पुलिस उपनिरीक्षक शरद गायकवाड़ को प्राप्त गोपनीय सूचना पर, उन्होंने पुलिस निरीक्षक संतोष टाले के निर्देशानुसार, पंच, मापारी, फोरेंसिक टीम और पुलिस कर्मचारियों के साथ बजाज विज्ञान महाविद्यालय के सामने सड़क पर बिना नंबर प्लेट वाली एक मोपेड दोपहिया वाहन सुजुकी एक्सेस 125 की जाँच की।

जब वाहन की जांच की गई तो वाहन की डिक्की में प्लास्टिक की पन्नी में 1 किलो 34 ग्राम गांजा पाया गया। एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई और कुल 130680 रुपये का माल जब्त किया गया. यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे, उप-विभागीय पुलिस अधिकारी प्रमोद मकेश्वर, पुलिस निरीक्षक संतोष टाले के मार्गदर्शन में, अपराध प्रगटीकरण टीम के पुलिस उप-निरीक्षक शरद गायकवाड़, पुलिस अंमलदार गजेंद्र धर्मे, राजेश राठोड़, अभिजीत वाघमारे, सूरज जाधव, योगेश ब्राह्मण, राजेश दहाल ने की. परिणामस्वरूप, पुलिस शहर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ बेचने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफल रहे. इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों पर विभिन्न धाराओं के तहत पहले से आपराधिक मामले हैं।

# श्रीराम सिटी में चोरी, 1.23 लाख का माल गायब

**हिंगनघाट.** मिली जानकारी के अनुसार, रविंद्र लाकडे अपने परिवार के साथ येणोरा गांव गए हुए थे। उन्होंने घर को बाहर से ताला लगाकर बंद किया था। लेकिन जब वे 14 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे घर लौटे, तो उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

घर के अंदर प्रवेश करने पर हॉल में रखी अलमारी खुली हुई और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। जब उन्होंने बेडरूम की जांच की, तो पाया कि वहां की अलमारी से 20 हजार रुपये नकद और 1 लाख 3 हजार 374 रुपये मूल्य के सोने-चांदी के दागिने चोरी हो चुके हैं। इस प्रकार चोरों ने कुल 1 लाख 23 हजार 374 रुपये मूल्य का माल उड़ा लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही रविंद्र लाकडे ने तुरंत पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# बाबासाहब पाटिल की छुट्टी, नाईक गोंदिया के नए पालक मंत्री

**गोंदिया.**

राज्य के सहकार मंत्री बाबासाहब पाटिल ने गोंदिया के पालक मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है. अब इंद्रनील नाइक गोंदिया के नए पालक मंत्री होंगे. उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने वरली में आयोजित जिला अध्यक्षों की बैठक में की.



कुछ दिन पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद प्रफुल पटेले ने नागपुर में पार्टी शिविर में पालक मंत्री बाबासाहेब पाटिल की आलोचना करते हुए कहा था कि वह जिले में आते नहीं तथा सिर्फ 15 अगस्त और 26 जनवरी को आते हैं. इसके बाद, राजनीतिक गलियारों में इन बदलावों को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी. राजनीतिक सूत्रों के अनुसार गोंदिया जिले के पालकमंत्री के रूप में जिले की उपेक्षाओं और जिले को उचित समय नहीं दिए जाने के कारण सांसद प्रफुल पटेल पालकमंत्री पाटिल से नाराज चल रहे थे. पालकमंत्री पाटिल को लेकर सांसद प्रफुल पटेल के पास यह शिकायत की गई थी कि पालकमंत्री कुछ खास लोगों को साथ लेकर गोंदिया जिला नियोजन विभाग के कार्यों को अंजाम दे रहे थे, जिसमें स्थानीय लोगों को काम नहीं दिया जा रहा था. इसी प्रकार स्थानीय जनप्रतिनिधियों के काम को भी रोकने का कार्य पालकमंत्री पाटिल कर रहे थे, जिसके कारण शिकायत पर सांसद प्रफुल पटेल की नाराजगी के चलते माना जा रहा है कि बाबासाहेब पाटिल को पद त्यागना पड़ा, और अब यवतमाल जिले के पुसद के विधायक इंद्रनील मनोहर नाईक जो कि राज्य सरकार में उद्योग, सार्वजनिक बांधकाम, उच्च व तंत्र शिक्षण, आदिवासी विकास, पर्यटन, मृद व जलसंधारण विभाग के राज्यमंत्री के रुप में राज्य सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, उन्हें गोंदिया जिले का पालकमंत्री मनोनित किया गया है. राज्य में कांग्रेस एनसीपी की सरकार रही हो या फिर भाजपा या महायुति की सरकार है, इन सरकारों में सिर्फ जिले के मोरगांव अर्जुनी क्षेत्र के विधायक राजकुमार बडोले और कुछ महीनों के लिये पालकमंत्री बने विधायक डॉ. परिणय फुके ने ही गोंदिया जिले को पर्याप्त समय दिया, इसके अतिरिक्त जिले के पूर्व पालकमंत्रीयों ने सिर्फ स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और नियोजन समिति की सभा लेने के लिए मात्र गोंदिया पहुंचे, जिसके कारण गोंदिया जिले के विकास में अनेक बाधाएं उत्पन्न होती रही. लेकिन कहा जा सकता है कि इस तरह से यदि जिले की उपेक्षा चाहे वो राष्ट्रवादी कांग्रेस के भी मंत्री क्यों ना हों? यदि जिले की उपेक्षा की जाएगी तो उसे प्रफुल पटेल अब स्वीकार नहीं करेंगे. पालकमंत्री बाबासाहेब पाटिल की कि गई छुट्टी से यही संदेश दिखाई दे रहा है, जिसे निश्चित ही नए मंत्री इंद्रनील नाईक को भी समझ लेना होगा, जिन्हें बड़ी उम्मीदों से पटेल ने पालकमंत्री के रुप में चुना है.

# हिंदी विश्वविद्यालय में प्राचार्य भूषण भावे निवासी लेखक के रूप में नियुक्त

**वर्धा.**

महात्मा गांधी अंतराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ने गोवा के प्राचार्य डॉ. भूषण भावे को निवासी लेखक के रूप में छह माह की अवधि के लिए नियुक्त किया है। डॉ. भावे इस पद को प्राप्त करने वाले गोवा के पहले शिक्षक और लेखक बन गए हैं, जिससे गोवा और वर्धा के बीच साहित्यिक एवं शैक्षणिक सहयोग को एक नया मंच प्राप्त होगा।



डॉ. भावे वर्तमान में विद्या प्रबोधिनी वाणिज्य, शिक्षा, संगणक और प्रबंधन महाविद्यालय, पर्वरी, गोवा में प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। इससे पूर्व वे लगभग 30 वर्षों तक फर्मागुडी स्थित पी.ई.एस. महाविद्यालय में प्राध्यापक रहे। वे कोंकणी और मराठी के प्रतिष्ठित लेखक हैं और उनकी 18 पुस्तकें कोंकणी, मराठी, हिंदी एवं अंग्रेज़ी भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। इस अवधि के दौरान डॉ. भावे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय पर शोध और अध्ययन करेंगे तथा एक परियोजना प्रस्तुत करेंगे। वर्धा में उनके प्रवास के दौरान वे विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं केंद्रों में शैक्षणिक और रचनात्मक प्रकल्पों में सहयोग करेंगे। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद द्वारा 18 अगस्त 2025 को अनुमोदित की गई थी, जो हिंदी साहित्य और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने के विश्वविद्यालय के उद्देश्य के अनुरूप है।

उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जिसकी स्थापना भारतीय संसद के अधिनियम संख्या 3, वर्ष 1997 के अंतर्गत की गई। यह विश्वविद्यालय हिंदी भाषा और साहित्य के अध्ययन एवं प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित है।

# डेंगू और मलेरिया संक्रमण की रोकथाम, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**गोंदिया.**

गोंदिया, रोजगार के लिए अन्य राज्यों में गए मजदूर दीपावली पर्व मनाने के लिए वापस अपने गांव पहुंचने लगे है. ऐसे में बाहरगांव से आनेवाले मरीजों द्वारा कीटकजन्य बीमारियों का फैलाव न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हुआ है और गांव-गांव में जनजागरण करते हुए मजदूरों से अपने रक्त की जांच कराने की सलाह दी जा रही है.




इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. अभिजीत गोल्हार ने बताया कि जिले में 7 से 18 अक्टूबर तक विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत कीटकजन्य बीमारियों पर जनजागृति की जा रही है. इसके लिए ग्राम पंचायत, ग्रामीण व पदाधिकारी विशेष प्रयास कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार जिले में सितंबर व दिसंबर तक डेंगू व मलेरिया के मरीजों में वृद्धि हुई थी. जिसका मुख्य कारण मजदूरों का पलायन हो सकता है. इस बीच रोजगार के सिलसिले में अन्य राज्यों में गए मजदूर दीपावली त्यौहार के मद्देनजर अपने गांव लौटते हैं और डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारी होने की संभावना को नकारा नहीं जा सकता. ऐसे में दीपावली पूर्व व पश्चात बाहर गांव से आए व्यक्तियों की खोज करने, मच्छरों के पैदावार वाले स्थानों में डी-लार्वा का छिड़काव करने, गप्पी मछलियां छोड़ने, एक दिन सूखा पालने, शाला के माध्यम से विद्यार्थियों में जनजागृति करने, वेंट पाइप में जाली बांधने, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करने आदि प्रतिबंधात्मक उपाय करना जरुरी है. जिसके लिए जिले में जिला मलेरिया अधिकारी डा. विनोद चव्हाण के विचारों से 7 से 18 अक्टूबर तक विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान पलायन कर गांव लौटनेवाले मजदूरों की खोज कर उनके रक्तों की जांच की जा रही है. ताकि जिले में कीटकजन्य बीमारियों के फैलाव को रोका जा सके.

# ब्राह्मणी खड़कीग्रापं में कामकाज ठप

## तीन महीने से ग्राम सेवक गायब, सरपंच वट्टी ने दी चेतावनी

**सड़क अर्जुनी.**

सड़क अर्जुनी तहसील के ब्राह्मणी खड़की गांव में पिछले तीन महीनों से ग्राम सेवक की अनुपस्थिति के कारण ब्राह्मणी खड़की ग्राम पंचायत का कामकाज ठप पड़ा है. नागरिकों के आवेदन, प्रमाण पत्र, जलापूर्ति और विभिन्न सरकारी योजनाओं का काम ठप होने से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है. इस स्थिति की कड़ी निंदा करते हुए, सरपंच विलास वट्टी ने प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर ग्राम सेवक कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं, तो ग्राम पंचायत में ताला ठोका जाएगा.

सरपंच वट्टी ने कहा कि ग्राम सेवक की अनुपस्थिति के कारण आम नागरिकों को हर दिन परेशानी उठानी पड़ रही है. उन्होंने यह भी बताया, विकास कार्यों और योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रहा है, इसलिए हम ग्रामीणों के कल्याण के लिए सख्त कदम उठाएंगे. स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से तुरंत ग्राम सेवक की नियुक्ति की मांग की है और जल्द ही ग्राम पंचायत में आंदोलन की संभावना जताई जा रही है. ग्राम सेवक तीन महीने से ग्राम पंचायत में नहीं आए हैं. किसान व स्कूली बच्चों के काम और सरकारी काम पूरी तरह से बाधित हैं. अगर ग्राम सेवक कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं, तो सरपंच और ग्रामीण ग्राम पंचायत का बहिष्कार करेंगे.

# स्टेडियम परिसर के शौचालय बंद

**गोंदिया.**

इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर के पश्चिम दिशा में सत्री स्टोर्स से सटकर तथा म्युनिस्पिल कॉन्वेंट स्कूल के पास बने सुलभ शौचालय लंबे समय से बंद पड़े हैं. परिणामस्वरूप परिसर में कार्यरत व्यापारी व महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है. व्यापारियों ने नगर परिषद को एक ज्ञापन के माध्यम से बताया कि स्टेडियम परिसर में रोजाना सैकड़ों व्यापारी, कर्मचारी व ग्राहक आते हैं, लेकिन बंद शौचालयों के कारण महिलाओं को अत्यंत परेशानी हो रही है. कई बार बुजुर्ग व्यापारी व महिला कर्मचारी खुले में लघुशंका करने को विवश हो जाते हैं, जो न केवल असुविधाजनक बल्कि शर्मनाक स्थिति भी है. व्यापारियों ने बताया कि स्टेडियम की पूर्व दिशा में स्थित सुलभ शौचालय उपयोग के लिए खुला है, लेकिन पश्चिम दिशा के दोनों वॉशरूम कई महीनों से बंद हैं. इस क्षेत्र में अन्य किसी सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं है, जिससे नागरिकों व दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. व्यापारियों ने नगर परिषद प्रशासन से दोनों सुलभ शौचालयों को तत्काल प्रारंभ करने की मांग की है. दोनों सुलभ शौचालय शुरु होने पर व्यापारी, कर्मचारी व आम नागरिकों को राहत मिल सकती है. व्यापारियों ने नगर परिषद से जनहित के इस विषय को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई करने की अपेक्षा व्यक्त की है.

# प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य में अनियमितता

## जिप सीईओ से की शिकायत

आमगांव. आमगांव तहसील के ग्राम भोसा (कालीमाटी) में स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य में अनियमितता होकर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर खुलेआम धांधली करने का गंभीर आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जिप सीईओ से शिकायत की है, जिसमें इस मामले की गहन जांच कर संबंधित दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है. ग्रामवासियों द्वारा दी गई शिकायत में बताया है गया भोसा में वर्तमान में चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कार्य सर्वेक्षण कर अधिकृत की गई जगह पर नहीं है बल्कि पुरानी इमारतों को तोड़े बिना, ठेकेदारों ने सीधे पुराने पटवारी कार्यालय, कोंडवाडा और वैकल्पिक ग्राम पंचायत कार्यालय इन तीन सरकारी इमारतों को, किसी भी प्रकार की ग्रामसभा की प्रस्तावना लिए बिना और नीलामी की सूचना या घोषणा किए बिना तोड़ दिया गया है.

वर्तमान ग्राम पंचायत सदस्य सुनीलकुमार ब्राम्हणकर ने ग्राम पंचायत अधिकारी, सरपंच व सदस्यों से सांठगांठ कर अपने पद का दुरूपयोग कर अनाधिकृत निर्माण शुरू करने का आरोप लगाया है.

# जि.प्रा.विभाग तहत पाईप लाईन का मरम्मत कार्य शुरु

## 14 गावों की जलापुर्ती रहेगी बंद

**वर्धा.**

पिपरी मेघे और 13 गावों की जलापूर्ति योजना की मुख्य पाइप लाइन बीस साल पुरानी और जर्जर हो चुकी है। साथ ही, इस लाइन पर समृद्धि राजमार्ग, राष्ट्रीय राजमार्ग, उड़ान पुल, कुछ होटल आदि के निर्माण के कारण उक्त पाइप लाइन बार-बार फट रही है और समृद्धि और अन्य राजमार्गों के धंसने के कारण, पाइप की मरम्मत करना बहुत कठिन और समय लेने वाला है। मरम्मत में कम से कम दो दिन लगते हैं और इस कारण 14 गाँवों का रोटेशन बाधित होता है और इस कारण गांवो को पाँच से सात दिनों के बाद पानी की आपूर्ति की जाती है। महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण इसका स्थायी समाधान खोजने के लिए दिन-रात काम कर रहा है। इसके तहत, पुरानी लाइन के किनारे एक नई लाइन बिछाई गई है और आठ स्थानों पर सड़क को पार करके जोड़ा जाना है।

इस लाइन के मुख्य भाग, जो 3.5 किमी लंबा है, को समृद्धि से जूनापानी पुल तक जोड़ने का निर्णय लिया गया है, क्योंकि यह सबसे अधिक फटने वाला और रखरखाव में मुश्किल हिस्सा है। यदि कुल छह किलोमीटर में से यह 3.5 किलोमीटर का हिस्सा नई पाइप लाइन से जुड़ जाए, तो 80% समस्या हल हो जाएगी और तीन दिन तक नियमित रूप से पानी उपलब्ध किया जायेगा.

बाकी हिस्सों को जोड़ना आसान है, और सभी कनेक्शन नवंबर में करने की योजना है।

चूँकि यह योजना पुरानी है और पाइपलाइन क्षतिग्रस्त है, इसलिए सभी 14 गावों के निवासियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### नागरिकोंसे सहकार्य की अपील

सभी 14 गांवो के ग्राहकों से अनुरोध किया गया है, कि नई लाइन जोड़ने का कार्य गुरुवार, 16 और शुक्रवार, 17.अक्टूबर को पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद रहेगी। इस कनेक्शन के बाद, पानी की आपूर्ति सुचारू हो जाएगी। यह पिपरी मेघे योजना महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण द्वारा संचालित है, यह सभी गांवो की जीवन रेखा है। पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने इस कार्य के लिए अनुमति दी, सहयोग दिया,और जिलाधीकारी तथा पिपरी मेघे एवं 13 गांवो के सभी पूर्व सरपंचों का भी सहयोग मिला। 16 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से नई पाइपलाइन जोड़ने का कार्य शुरू हुआ है, ऐसी जानकारी कार्यकारी अभियंता म.जी.प्रा.विभाग, वर्धा ने दी है.

# हिंगनघाट में विरोध मार्च, तीन मुद्दों पर जनाक्रोश

> मुख्य न्यायाधीश पर हमला, सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी
> और जातीय जनगणना में देरी के खिलाफ आंदोलन




**हिंगनघाट.** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर हुए हमले, प्रसिद्ध पर्यावरणविद एवं शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी तथा जातीय जनगणना में हो रही देरी के विरोध में आज हिंगनघाट शहर में एक भव्य निषेध मोर्चा निकाला गया। यह मोर्चा ओबीसी संघर्ष समिति तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। मोर्चा नंदोरी चौक से शुरू होकर तहसील कार्यालय तक पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ।

मोर्चे में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी, महिलाएं, युवा और ओबीसी समाज के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। पूरे परिसर में संविधान, न्याय और सामाजिक समानता के घोषणाओं से गूंज पसर गई। मोर्चे के समापन पर तहसीलदार को निवेदन पत्र सौंपा गया, जिसमें संविधानिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक न्याय और सर्वसमावेशी विकास की मांग रखी गई। इस आंदोलन को शहरवासियों का उत्स्फूर्त प्रतिसाद मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, ओबीसी संघर्ष समिति के कार्यकर्ता, महिला मोर्चा, छात्र संगठन और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर संविधान और न्याय के समर्थन में अपनी एकजुटता दर्शाई। कार्यक्रम का आयोजन ओबीसी संघर्ष समिति, हिंगनघाट के नेतृत्व में किया गया।

### मोर्चे की प्रमुख मांगें

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई पर हुए हमले की तीव्र निंदा की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी तुरंत रद्द की जाए। जातीय जनगणना शीघ्र लागू की जाए ताकि सभी समाजघटकों को न्याय मिल सके।

# अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों का पंचनामा कर राहत राशि दी जाए

**> स्थायी समिति की बैठक में डा. जितेंद्र कटरे की मांग**

**गोरेगांव.**



जिला परिषद गोंदिया की स्थायी समिति की बैठक जिला परिषद सभागृह में जिप अध्यक्ष लायकराम भेंड़ारकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी. इस बैठक में जिला परिषद सदस्य डा. जितेंद्रकुमार कटरे ने अतिवृष्टि से नुकसान झेल रहे किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की.

इस वर्ष जिले में धान की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन हाल ही में आए बेमौसम बारिश ने धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है. कई किसानों की फसलें गिरने और भीगने के कारण सड़ गई हैं. साथ ही अधिक वर्षा के कारण धान पर कीट और रोगों का प्रकोप भी बढ़ गया है. मावा, तुडतुड़ा जैसे कीटों के कारण किसानों की तैयार फसल बर्बाद हो गई है. इस नुकसान की भरपाई के लिए तुरंत पंचनामा कर किसानों को राहत राशि देने की मांग डा. कटरे ने बैठक में रखी. इस मांग पर सकारात्मक चर्चा हुई और प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जाएगा.

इसके साथ ही डा. कटरे ने बताया कि शहारवानी जिला परिषद क्षेत्र में महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण जीवनोन्नति अभियान (उम्मीद) के अंतर्गत 371 महिला बचत समूह कार्यरत हैं, जिनके अंतर्गत 18 ग्राम संगठन कार्य कर रहे हैं और कुल 4035 महिला बचत गुट दैनिक कार्य कर रहे हैं. लेकिन उनके पास कोई कार्यालय नहीं है, जिससे उन्हें कामकाज में बहुत परेशानी होती है. इसलिए इन महिलाओं के लिए "बचत भवन" की मंजूरी देने की भी मांग उन्होंने बैठक में उठाई. इस बैठक में जिप अध्यक्ष लायकराम भेंड़ारकर, जिप सीईओ मुरुगानंथन, उपाध्यक्ष, सभी सभापति, जिला परिषद सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

### कवलेवाडा स्वास्थ्य केंद्र में धर्मशाला व शौचालय की जरूरत

डा. कटरे ने कहा कि कवलेवाडा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में वर्ष भर बड़े पैमाने पर परिवार नियोजन की शस्त्रक्रियाएं होती हैं और ऑपरेशन के बाद महिलाएं अपने परिजनों के साथ वहां रुकती हैं. उनके ठहरने के लिए धर्मशाला और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ऐसी मांग भी उन्होंने की.

## ई-रिक्शा पर गिरा पेड़, दो छात्र घायल

**तिरोड़ा.** तिरोड़ा तहसील के खैरबोड़ी में स्थित इंग्लिश स्कूल के छात्रों को घर छोड़ने जा रहे ई-रिक्शा पर अचानक चुरड़ी मार्ग पर पेड़ गिर गया. जिसमें दो छात्र घायल हो गए. यह घटना मंगलवार शाम करीब 5 बजे घटित हुई.जानकारी के अनुसार, खैरबोड़ी में स्थित मास्टर केअर पब्लिक स्कूल के छात्रों की छुट्टी होने के बाद ई-रिक्शा चालक छात्रों को लेने गया. ई-रिक्शा में कुल 7 छात्र लेकर चालक चुरड़ी मेन रोड़ से जा रहा था. इसी दौरान करीब 5 बजे सड़क किनारे का करंजी का पेड़ रिक्शा पर गिर पड़ा. जिसमें दो छात्र घायल हो गए. वहीं 5 छात्र बाल-बाल बच गए. ग्रामीणों की मदद से छात्रों को बाहर निकाला गया तथा घायल छात्रों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. उन घायल छात्रों को 15 अक्टूबर को सुरक्षित घर छोड़ दिया गया.

# अचलपुर में अक्षरा लहाने की दावेदारी मजबूत

**अमरावती, राजेश मालवीय**



अचलपुर की राजनीति में एक नया अध्याय लिखे जाने के संकेत नज़र आने लगे हैं। भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व नगरसेविका सौ. अक्षरा रुपेश लहाने इन दिनों नगराध्यक्ष पद की सबसे चर्चित दावेदार बनी हैं। उनका नाम अब अचलपुर की गलियों से लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व तक गूंज रहा हे।

भाजपा जिल्हा उपाध्यक्ष (अमरावती ग्रामीण) के रूप में, तथा मेळघाट और अचलपुर क्षेत्र में दीर्घकालीन संगठनात्मक कार्य करते हुए सौ. लहाने ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। अपनी निष्ठा, जनसंपर्क और विकासाभिमुख कार्यशैली के बल पर उन्होंने अचलपुरवासियों के मन में गहरी छाप छोड़ी है उनके नेतृत्व में संगठनशक्ति, जनता से जुड़ाव और पारदर्शी कार्यपद्धति का अद्वितीय संगम दिखाई देता है। यही कारण है कि नगराध्यक्ष पद की दौड़ में भाजपा से सौ. लहाने का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है।

**अचलपुर के नागरिकों के बीच भी एक स्वर उठ रहा है :** विकास चाहिए, तो अक्षरा रुपेश लहाने ही चाहिए! आगामी नगराध्यक्ष चुनाव में अचलपुर की राजनीति में भाजपा की ओर से एक सशक्त, प्रभावशाली और जनाधार वाला नेतृत्व उभरने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं।

## भोसला पब्लिक स्कूल के अनिकेत ने कुराश में जीता स्वर्ण

**नागपुर.**

हाल ही में जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय मानकापूर नागपुर के तत्वावधान में आयोजित कुराश स्पर्धा में भोसला पब्लिक स्कूल नंदनवन के छात्र अनिकेत यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 40 से 45 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। इसी प्रतियोगिता में नंदिनी भडगरे ने 28 किलो वर्ग में सिल्वर मेडल, जबकि हर्षिता अस्वले ने 24 किलो वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।

इस स्पर्धा में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागी शामिल थे। विजेता विद्यार्थियों का चयन विभागीय स्तर की स्पर्धा के लिए किया गया है। अनिकेत यादव,



नंदिनी भडगरे और हर्षिता अस्वले की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन ने खुशी जताई है। इन विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल की मुख्याध्यापिका अनुराधा मदन खेतल, शारीरिक शिक्षक चंद्रकांत तारेकर, अन्य शिक्षकगण तथा अपने माता-पिता को दिया।

## महिला सुरक्षा पर जागरूकता और रचनात्मकता का संगम

**नागपुर.**

विदर्भ हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपक्रम सप्तरंग महिला चेतना मंच के मासिक कार्यक्रम की श्रृंखला में महिला सुरक्षा पर परिचर्चा के साथ-साथ तोरण बनाओ और थाली सजाओ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत हमारे मुख्य अतिथि एडवोकेट हर्षित वर्मा जी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। रश्मि मिश्रा ने मधुर आवाज से सरस्वती वंदना किया। डॉ स्वर्णिम सिन्हा मंच संचालन किया।

महिला सुरक्षा शीर्षक के अंतर्गत महिलाओं द्वारा नारी पर स्वरचित कविता का पाठ किया गया और मुख्य अतिथि हर्षित वर्मा द्वारा नारी सुरक्षा के लिए कौन-कौन से प्रवधान कानून द्वारा हमें संविधान से मिले हुए हैं उसकी विस्तृत जानकारी हमें दीं। महिलाएं बहुत खुश हुई उन्हें पता ही नहीं था कि वृद्ध लोग भी इतने सुरक्षित हैं। कविता पाठ सर्व इंदिरा किसलय,सुषमा भांगे , शिवानी सिंह, हेमलता मिश्रा मानवी, रूबी दास, विशाखा खंडेलवाल,अमित शाह,निर्मला पांडे, माया शर्मा,



रेखा तिवारी, राम कुमारी और पूर्णिमा बनर्जी ने किया।

तोरण सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेने वाली थी रश्मि मिश्रा (प्रथम रहीं)सुषमा शर्मा ( द्वितीय रहीं ) अर्चना चौरसिया, अलका पाटनकर और अवंती इंदुरकर। दीये की थाली सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेने वाली प्रतियोगी रहीं आशा चौधरी, अनिता गायकवाड( प्रथम रहीं ) ,रेनू मालवीय ( द्वितीय रहीं), नेहा राठी, और ज्योति राठी। सप्तरंग सदन में उपस्थित सर्व छवि चक्रवर्ती नंदिनी सुदामाला अनीता पुरोहित अनीता गुप्ता आदि अन्य महिलाओं ने भी कार्यक्रम का आनंद उठाया। सप्तरंग सही सहसंयोजी का सुजाता दुबे ने सभी का आभार माना।

## मुख्याध्यापक और ग्रामसेवक को 'शो कॉज'

### शिक्षक का निलंबन, सीईओ संजिता महापात्र की कड़क कार्रवाई!

**अमरावती, राजेश मालवीय**

अमरावती जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजिता महापात्र ने मंगलवार सुबह की आकस्मिक जांच में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक तंत्रात खळबळ मचा दी है। मासोद स्थित जिला परिषद स्कूल और ग्राम पंचायत कार्यालय की अचानक की गई जांच में कई अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। संबंधित स्कूल के एक शिक्षक के खिलाफ लगातार गैरहाजिर रहने और शैक्षणिक जिम्मेदारी में लापरवाही बरतने की शिकायत सीईओ को मिली थी। जांच के दौरान शिक्षक की अनुपस्थिति सिद्ध होते ही उनका तत्काल निलंबन कर दिया गया। वहीं, स्कूल के मुख्याध्यापक और ग्रामविकास अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर दोनों को 'शो कॉज नोटिस' जारी की गई है। सीईओ महापात्र ने विद्यार्थियों के वर्ग में जाकर संवाद साधा, जहां छात्रों ने बताया कि शिक्षक की गैरहाजिरी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए सीईओ ने त्वरित कार्रवाई की। इस कार्रवाई से शिक्षा व ग्रामविकास विभाग में हड़कंप मच गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कर्तव्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ट्रैवल्स की टक्कर से चौपहिया वाहन का नुकसान

**गोंदिया.** आमगांव थाने के तहत आमगांव निवासी फिर्यादी प्रणव भोलाराम कापसे (25) प्रशिक्षु को लेकर कामठा चौक से आमगांव की ओर जा रहा था. इसी बीच रोड़ के बीच में खड़े एक व्यक्ति को बचाने के चक्कर में फिर्यादी ने चौपहिया वाहन क्र. एमएच 35 - पी 7020 की स्पीड कम की व उसे बाजू में होने को कहा. इसी दौरान ट्रैवल्स क्र. एमएच 35 - एजे 0149 के चालक ने अपनी ट्रेव्हल्स लापरवाहीपूर्वक चलाकर चौपहिया वाहन को टक्कर मार दी. जिसमें वाहन का करीब 35 से 40 हजार रु. नुकसान हुआ. फिर्यादी की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने शास्त्री वार्ड, गोंदिया निवासी आरोपी शरीफ अब्दुल तुरक (55) के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार कुंभरे कर रहे हैं.

# दो किसान करंट से बाल-बाल बचे

**गोंदिया.** धान तथा अन्य मौसमी फसलों को वन्यजीव नुकसान पहुंचा रहे है. इस नुकसान को बचाने के लिए कुछ किसान अपने खेतों में अवैध तरीके से विद्युत पोलों से विद्युत प्रवाहित तार बिछा रहे है. जो कि जानलेवा साबित हो सकता है. इसी तरह की एक घटना मंगलवार को सड़क अर्जुनी तहसील के राका-पलसगांव में खेत परिसर में सामने आई. ग्राम राका निवासी किसान ताराचंद हर्षे व अन्य एक व्यक्ति को करंट लगने पर दोनों कुछ दूरी पर जा गिरे, जिससे दोनों बाल-बाल बचे. इस घटना की जानकारी महावितरण विभाग को दी गई है. लेकिन अभी तक यह विद्युत प्रवाहित तार किसने लगाया, इसकी जानकारी महावितरण विभाग को नहीं मिल पाई है.

इस संदर्भ में जानकारी दी गई कि राका ग्राम निवासी किसान ताराचंद हर्षे यह जब अपने खेत में फसल देखने गए थे. तब उन्हे विद्युत पंप बंद होने का दिखाई दिया. जिसके बाद किसान ताराचंद हर्षे ने ग्राम के ही एक विद्युत मॅकेनिक को खेत में जांच करने के लिए ले गया. जब वह दोनों विद्युत डीपी के पास जांच के लिए जा रहे थे तो उन्हें अचानक विद्युत करंट लग गया, जिससे वह कुछ ही दूरी पर जा गिरे. इस घटना की जानकारी महावितरण विभाग को दी गई है. अब यह विद्युत प्रवाहित तार किसने लगाया, इसकी जानकारी अभी तक महावितरण विभाग को नहीं मिल पाई है.

## मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक घायल

**गोंदिया.**

तिरोड़ा थाने के तहत इंदोरा (बु.) निवासी देवेंद्र भोलालाल पटले (35) मोटरसाइकिल क्र. एमएच 35 - एल 3702 से साप्ताहिक बाजार करने के लिए तिरोड़ा गया था व वहां से वह खैरलांजी मार्ग से लौट रहा था. इसी बीच स्कूटी क्र. एमएच 35 - टीसी 021 के चालक ने अपनी स्कूटी लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. जिसमें देवेंद्र घायल हो गया. फिर्यादी श्रीधर मोतीलाल पटले (62) की शिकायत पर तिरोड़ा पुलिस ने चांदोरी निवासी गोपाल तिलक तुरकर (35) के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार श्रीरामे कर रहे हैं.

# पत्रकार नयन मोंढे के घर पर कायराना हमला

### पत्रकार संरक्षण कानून के तहत कार्रवाई की मांग

**अमरावती.**

दैनिक विदर्भ मतदार के पत्रकार नयन मोंढे ने 14 अक्टूबर को 'पंचशील नगर में बाल अपराधियों का आतंक' यह समाचार प्रकाशित किया था। उक्त समाचार प्रकाशित होने के बाद वरली मटका चालक बाबू शेंडे ने व्यक्तिगत रंजिश के कारण उनके घर पर कायराना हमला किया। इस हमले की तीव्र निंदा महाराष्ट्र राज्य मराठी पत्रकार संघ ने की है। पत्रकार संरक्षण कानून के अंतर्गत आरोपी पर मामला दर्ज करने की मांग करते हुए पुलिस आयुक्त चावरिया को निवेदन सौंपा गया।

मंगलवार रात आरोपी बाबू शेंडे ने नयन मोंढे के घर में सुतली बम फेंका तथा जान से मारने की धमकी देते हुए गालियां दीं। जब नयन मोंढे शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस



थाने गए, उसी दौरान बाबू शेंडे अपने 3-4 साथियों के साथ लोहे की पाइप लेकर उनके घर के सामने पहुंचा और घर की महिलाओं को भी गालीगलौज कर डराने का प्रयास किया।

इस अवसर पर महाराष्ट्र राज्य मराठी पत्रकार संघ के विभागीय सचिव वरिष्ठ पत्रकार सूर्यवंशी मामा, जिलाध्यक्ष प्रवीण शेगोकार, शहराध्यक्ष विक्रम ढोके, महिला अध्यक्ष अर्चना रक्षे, प्रणय निर्बन, पवन श्रीवास्तव, उज्ज्वल भालेकर, राज माहोरे, स्वप्निल सवाले, सुरज दहाट, छगन जाधव, समीर अहमद, सुनील तळोकार, नासिर अहमद, अमोल कालपाडे, अमोल देशमुख, नकुल नाईक, अली अजगर दवावाला, संजय तायडे, शुभम मेश्राम, योगेश मोहकार, मयूर गिरी, मनीष गुळदे, सचिन चौधरी, सोमेश्वर जेवढे, गजानन मेश्राम, राजाभाऊ वानखडे सहित महाराष्ट्र राज्य पत्रकार संघ तथा अन्य पत्रकार संगठन के अनेक पत्रकार उपस्थित थे।

### पत्रकार को धमकी, सुरक्षा की मांग तेज

इस घटना के बाद परिसर में दहशत का वातावरण निर्माण हो गया है और संबंधित पत्रकार की जान को खतरा पैदा हो गया है। इस प्रकरण में पत्रकार संरक्षण कानून व भारतीय दंड संहिता के तहत आरोपी पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही, नयन मोंढे को तत्काल पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए, ऐसी मांग विभिन्न पत्रकार संघटनाओं ने अपने निवेदन में की है।

## धनतेरस और दिवाली पर पावरट्रोनिक की शानदार पेशकश

**नागपुर.**

त्योहारी सीजन में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में खुशियों की सौगात लेकर आया है पावरट्रोनिक कंपनी ने ग्राहकों के लिए "बंपर लक्की ड्रॉ फेस्टिवल ऑफर" की घोषणा की है, जिसमें हर स्मार्ट टीवी खरीदने वाले ग्राहक को शानदार इनाम जीतने का सुनहरा मौका मिल रहा है। इस ऑफर के तहत पहला इनाम इलेक्ट्रिक बाइक, दूसरा इनाम फ्रिज, तीसरा इनाम वॉशिंग मशीन, चौथा इनाम 32 इंच स्मार्ट टीवी और पाँचवाँ इनाम साउंड बार रखा गया है। यानी, इस दिवाली सिर्फ टीवी ही नहीं, किस्मत भी चमकने वाली है! पावरट्रोनिक के स्मार्ट टीवीस अब बेहद किफायती दामों पर उपलब्ध हैं — 32 इंच मॉडल मात्र ₹7,999 में और 43 इंच मॉडल ₹14,999 से शुरू। साथ में ग्राहकों को मिल रही है 1 वर्ष की वारंटी, जिससे खरीदारी और भी भरोसेमंद बन जाती है। यह ऑफर उन ग्राहकों के लिए सुनहरा




अवसर है जो अपने घर में तकनीक और मनोरंजन का नया अनुभव जोड़ना चाहते हैं। कंपनी का शोरूम शहर के प्रमुख स्थान पर स्थित है — शॉप नं. 1, गोयंका भवन, सुभाष रोड, जयश्री टॉकीज के पास, कॉटन मार्केट, नागपुर। अधिक जानकारी या बुकिंग के लिए ग्राहक 7620790991 या 8007674484 पर संपर्क कर सकते हैं। पावरट्रोनिक का यह खास ऑफर सीमित समय के लिए ही मान्य है। इसलिए इस धनतेरस और दिवाली पर अपने घर लाएं पावरट्रोनिक स्मार्ट टीवीस और साथ ही जीतें शानदार इनाम — क्योंकि इस बार त्योहार सिर्फ रोशनी का नहीं, खुशकिस्मती का भी है!

## वाहन की टक्कर से व्यक्ति घायल

**गोंदिया.** ग्रामीण अस्पताल के तहत खमारी निवासी हंसलाल नारायण बोपचे (52) अपनी मोटरसाइकिल क्र. एमएच 31 - सीई 9900 से खमारी बस स्टैंड से गोंदिया की ओर जा रहा था. इसी दौरान आमगांव की ओर से आ रहे पिकअप वाहन चालक ने अपना वाहन लापरवाहीपूर्वक चलाकर मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. जिसमें हंसलाल घायल हो गया. फिर्यादी रंगलाल नारायण बोपचे (49) की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार कामडे कर रहे हैं.

# मेफेड्रोन तस्करी में पकड़े दो आरोपी पर कार्रवाई

**हिंगनघाट.** शहर में उपविभागीय पुलिस अधिकारी की टीम और स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने मेफेड्रोन की तस्करी करने वालों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 10.13 ग्राम मेफेड्रोन, एक दोपहिया वाहन (नंबर एमएच 32 एच 5791) और एक मोबाइल फोन सहित कुल 1 लाख 94 हजार 360 रुपये मूल्य का माल जब्त किया है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई 16 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे की गई। इस पूरी कार्रवाई का मार्गदर्शन जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सदाशिव वाघमारे, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुशीलकुमार नायक और पुलिस निरीक्षक अनिल राऊत के निर्देशन में किया गया। कार्रवाई में उपविभागीय पुलिस अधिकारी कार्यालय, हिंगनघाट के पुलिस कर्मचारी अश्विन सुखदेवे, चेतन पिसे, राहुल साठे, सतीश घवघवे, उमेश लडके, रवी घाटुर्ले, अनंता हराळ, दीपक मस्के, भारत बुटलेकर और राकेश इतवारे



तथा पुलिस स्टेशन हिंगणघाट के अधिकारी उपनिरीक्षक हरीहर सोनकुसरे, डी.बी. टीम के हवालदार प्रशांत ठोंबरे, पुलिस नायक राजेश शेंडे, पुलिस सिपाही आशिष नेवारे, मंगेश वाघमारे और रोहित साठे ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और इस प्रकरण की आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक संगीता हेलोडे (पुलिस स्टेशन हिंगनघाट) कर रही हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

**गोंदिया.** गोरेगांव तहसील के हिरडामाली निवासी दिवाकर दुधराम चौरागडे (63) अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया था. उसे उपचार के लिए केटीएस जिला सामान्य अस्पताल में भर्ती किया गया था.

जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. फिर्यादी डा. एकनाथ राजगुरू की शिकायत पर गंगाझरी पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार श्यामकुमार देशपांडे कर रहे हैं.

# संगीत हमें आत्मिक आनंद देता है: पं. शंकरप्रसाद अग्निहोत्री

**वर्धा.**

संगीत मानव जीवन में सुख, दुख और भावनाओं के सूक्ष्म स्पंदनों को अभिव्यक्त करने का एक प्रभावी माध्यम है। संगीत केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि मन की शांति और आत्मानंद का अमृत स्रोत है। संगीत आत्मा से संवाद का एक माध्यम है। जब कोई पूर्ण समर्पण के साथ किसी राग, भजन या भक्ति गीत में शामिल होता है, तो आत्म-साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू होती है, जिस समय व्यक्ति अपने बाह्य संसार से मुक्त होकर अपने अंतर्मन से एकाकार हो जाता है,ऐसा पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने कहा। स्वर्गीय किशोर कुमार की 38 वीं स्मृतीदिन के अवसर पर सृजन म्यूजिकल वर्धा और जय महाकाली शिक्षण वर्धा द्वारा आयोजित विदर्भ स्तरीय




ओपन कराओके फिल्मी गीत गायन प्रतियोगिता 11 अक्टूबर 2025 को शिवशंकर सभागार, अग्निहोत्री कॉलेज परिसर रामनगर, वर्धा में संपन्न हुई। यह प्रतियोगिता तीन समूहों में विभाजित थी। बच्चों की श्रेणी में, प्रथम पुरस्कार मनीष वरघट को 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रमाण पत्र दिया गया, जबकि द्वितीय पुरस्कार वर्धा की विदिशा वाटकर को 3,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रमाण पत्र दिया गया,

और तृतीय पुरस्कार अन्विषा बेलखोड़े को 2,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रमाण पत्र दिया गया। वरिष्ठ श्रेणी में, प्रथम पुरस्कार प्रशांत गूजर को 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रमाण पत्र दिया गया, और द्वितीय पुरस्कार सुरेश तायवाड़े को 3,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रमाण पत्र दिया गया, और तृतीय पुरस्कार अशोक तुर्कियाल को 2,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रमाण पत्र दिया गया। युवा श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 15000 रुपये का नकद पुरस्कार नागपुर की लाजरी बुरे को एक स्मृति चिन्ह और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। दूसरा पुरस्कार जयश्री सुभेदार को 8,000 रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्मृति चिन्ह और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मनीषा देशकर कुलकर्णी और सुनील रहाटे थे। अंतिम दौर की परीक्षक सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका अनुपमा देशपांडे थीं। पुरस्कार वितरण समारोह में पं. शंकरप्रसाद अग्निहोत्री, अनुपमा देशपांडे, दीपा देशपांडे, डॉ. अजय वाने, संतोष जोशी वणी, सुरेश गणराज, शशिकांत बागडदे, स्वाति बमनोटे, हितेश बमनोटे, रेखा राउत, मृणालिनी बागडदे के हाथो पुरस्कार वितरित किये गये. कार्यक्रम की सफलता के लिए अक्षय काटपाताल, शाम तुपकर, नीलकांत देशमुख, आदिति देशमुख, संहिता देशमुख, अविनाश रिंगणे, शीतल काकड़े, शेखर अग्रवाल, चारू साळवे, अजय देशमुख, प्रतीक सूर्यवंशी, सुविधा झोटिंग, प्रफुल्ल शिंगोटे, गणेश तोडे, अभिजीत मिसाल, दीपक विध्वंस्कर, अनुराग मिसाल, सुरेश चावरे, अभिजीत रघुवंशी, नरेश भाऊ ने अथक प्रयास किया।

प्रतियोगिता के उद्घोषक के रूप में नीलकांत देशमुख ने अपनी भूमिका निभाई और प्रसिद्ध उद्घोषक ज्योति भगत की प्रस्तुति के साथ प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। सृजन म्यूजिकल वर्धा और जय महाकाली शिक्षण संस्था वर्धा ने विदर्भ के प्रतियोगियों और प्रशंसकों द्वारा दिए गए अपार समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चंद्रकांत कोठारे, डॉ. गजानन जंगमवार, डॉ. नीरजसिंग यादव, डॉ. दीपक पुन्से डॉ. प्रसाद जुमले, डॉ. दिनेश वंजारी, डॉ. रितेश सुले, प्रा. अभिषेक सिंह, प्रा. नीलकंठ ढोबाले, अभिजीत रघुवंशी, गणेश काले सहित सभी महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## रिश्तेदार ने किया 87 लाख रुपये का विश्वासघात

**नागपुर.**

कोतवाली पुलिस ने एक ऐसे मामले में अपराध दर्ज किया है जहाँ एक रिश्तेदार ने सहकारी बैंक की जमा राशि के नाम पर परिवार के सदस्य का 87 लाख रुपये से अधिक की रकम से विश्वासघात किया। आरोपी ने यह रकम 'सारथी सहकारी पतसंस्था, नरसाला' में जमा कराने के बजाय स्वयं के उपयोग में ले ली। फरियादी सुशांत सुमेर जयस्वाल (43) ने बताया कि आरोपी नितीन दयाशंकर जयस्वाल (50) उनका रिश्तेदार होने के साथ-साथ सारथी सहकारी पतसंस्था में कैश कलेक्शन की नौकरी करता था। 1 अप्रैल 2018 से 15 अप्रैल 2018 के बीच आरोपी ने फरियादी से अलग-अलग किश्तों में कुल 87,76,135 रुपये सहकारी बैंक में जमा कराने के नाम पर लिए।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 469-9 | 290-1 |
| श्रीदेवी नाईट | 366-5 | 158-4 |